बी. ए. ऑनर्स संस्कृत पार्ट-2 परीक्षा 2019-2020

प्रश्नपत्र कूट संख्या - 2654

चतुर्थ प्रश्न पत्र - भाषाविज्ञान, व्याकरण, अनुवाद एवं निबंध

पाठ्यक्रम **100 अंक**

1. भाषाविज्ञान
2. व्याकरण
3. अनुवाद
4. निबन्ध

यह पाठ्यक्रम तीन खण्डों तथा पाँच इकाइयों में विभक्त है। इसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है:-

प्रथम इकाई - भाषा विज्ञान के अन्तर्गत निम्नलिखित विषय - भारतीय आर्य भाषा का संक्षिप्त इतिहास, प्राचीनकाल, मध्यकाल एवं आधुनिक काल की आर्यभाषा की प्रमुख विशेषताएँ तथा उनके प्रमुख रूपों (अर्थात् भाषाओं) का सामान्य परिचय।

द्वितीय इकाई - लघुसिद्धान्तकौमुदी के अजन्त-पुल्लिंग प्रकरण में केवल राम तथा सर्व शब्द, अजन्त-स्त्रीलिंगप्रकरण में रमा एवं मति शब्द व अजन्त नपुंसक लिङ्गप्रकरण में ज्ञान एवं वारि शब्द की सूत्रनिर्देशपूर्वक सिद्धियाँ।

तृतीय इकाई - इसके अन्तर्गत निम्नलिखित कारक-सूत्रों/वार्तिकों का ज्ञान अपेक्षित है कर्तुरीप्सिततमं कर्म, तथायुक्तं चानीप्सितम्, नीवह्योर्न, आदिखाद्योर्न, अधिशीङ्स्थासां कर्म, उपान्वध्याङ्वसः, अभितः परितः समया-निकषा-हा प्रतियोगेऽपि, अन्तरान्तरेणयुक्ते, कालाध्वनोरत्यन्तसंयोगे, साधकतमं करणम्, प्रकृत्यादिभ्य उपसंख्यानम् सहयुक्तेऽप्रधाने, येनांगविकारः, इत्थंभूतलक्षणे, हेतौ, रुच्यर्थानां प्रीयमाणः, धारेरुत्तमर्णः, नमः स्वस्तिस्वाहास्वधाऽलंवषड्योगाच्च, ध्रुवमपायेऽपादानम्, जुगुप्साविरामप्रमादार्थानामुपसंख्यानम्, भीत्रार्थानां भयहेतुः वारणार्थानामीप्सितः आख्यातोपयोगे, जनिकर्तुः प्रकृतिः, षष्ठी शेषे, षष्ठी हेतुप्रयोगे, आधारोऽधिकरणम्, यस्य च भावेन भावलक्षणम्, यतश्च निर्धारणम्।

चतुर्थ इकाई - हिन्दी से संस्कृत में अनुवाद।

पंचम इकाई - संस्कृत में निबंध।

प्रश्न-पत्र का विस्तृत अंक विभाजन

प्रथम खण्ड 20 अंक

इस खंड के अन्तर्गत कुल दस प्रश्न पूछे जाएँगे, जिनके उत्तर अत्यंत संक्षेप में अपेक्षित हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं और ये समग्र पाठ्यक्रम पर आधारित होंगे।

द्वितीय खण्ड 50 अंक

इस खंड के अन्तर्गत कुल पाँच प्रश्न पूछे जाएँगे जिनका शतप्रतिशत विकल्प उपलब्ध रहेगा। इनका विस्तृत विवरण निम्न है -

क. प्रथम इकाई उल्लिखित भाषाविज्ञान के विषयों पर आधारित दो प्रश्न पूछे जाएँगे जिनमें से एक का उत्तर देना। 10 अंक

ख. द्वितीय इकाई में उल्लिखित व्याकरण सम्बन्धी कोई चार शब्दरूप देकर दो की सिद्धियाँ पूछी जाएँगी। 10 अंक

ग. तृतीय इकाई में वर्णित कारक-सूत्रों / वात्तिकों में से किन्हीं चार को देकर दो की सोदाहरण व्याख्या पूछी जाएगी। 10 अंक

घ. हिन्दी भाषा में लगभग दस वाक्यों वाला अवतरण देकर संस्कृत में अनुवाद करने के लिए कहा जाएगा। इसका विकल्प भी उपलब्ध रहेगा। 10 अंक

ङ. किन्हीं चार विषयों को देकर उनमें से किसी एक पर संस्कृत में लघु निबन्ध लिखने के लिए कहा जाएगा। 10 अंक

तृतीय खण्ड - 30 अंक

इस खण्ड के अन्तर्गत कुल दो प्रश्न पूछे जाएँगे। इनमें से प्रत्येक का विकल्प उपलब्ध रहेगा। इनका उत्तर लगभग 300 शब्दों में देना अपेक्षित है। इनका विस्तृत विवरण निम्न है -

प्रथम प्रश्न के आधार निम्नलिखित बिन्दु होंगे - 15 अंक

प्रथम इकाई में उल्लिखित भाषा विज्ञान के विषय।

द्वितीय प्रश्न के आधार निम्नलिखित बिन्दु होंगे - 15 अंक

तृतीय इकाई में वर्णित कारक सूत्रों / वार्त्तिकों में से कोई आठ देकर चार की सोदाहरण व्याख्या पूछी जाएगी।

सहायक पुस्तकें:-

1. भाषाविज्ञान - भोलानाथ तिवारी
2. भाषाविज्ञान की भूमिका - देवेन्द्र शर्मा
3. स्नातकसंस्कृतरचनानुवादमंजरी - अजमेरा बुक कम्पनी, जयपुर
4. सरल अनुवादचन्द्रिका - भारतीय विद्या प्रकाशन, दिल्ली
5. प्रौढ़रचनानुवादकौमुदी - कपिलदेव द्विवेदी
6. लघुसिद्धान्तकौमुदी भाग - 1 - अजमेरा बुक कम्पनी, जयपुर
7. संस्कृतव्याकरणप्रवेशिका - बाबूराम सक्सेना
8. संस्कृतनिबन्धाञ्जलि - रामकृष्ण आचार्य
9. संस्कृतनिबन्धावली - डॉ. रामजी उपाध्याय

*****